पत्र संख्या–उ०नि०–128 / 2023 .... /

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
उर्दू निदेशालय

प्रेषक,

एस०एम० परवेज़ आलम,
निदेशक।

सेवा में,

सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव /
महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव /
माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव /
सचिव, बिहार राज्य महिला आयोग / बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग /
बिहार राज्य सूचना आयोग / बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग /
बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग / बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग,
बिहार।

पटना, दिनांकः–..............................

विषय :– SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के तहत Online Performance Report (e-PAR) आलेखन हेतु सरकारी ई–मेल आई०डी० बनाये जाने हेतु विहित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कतिपय सहायक उर्दू अनुवादकों को वरीय उर्दू अनुवादकों (वेतन स्तर–08) के पद पर उच्चतर पद के कार्यकारी प्रभार का लाभ दिया गया है। उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार का लाभ प्राप्त कतिपय कर्मियों को वरीय उर्दू अनुवादक के रिक्त पद पर विभागों / आयोगों में पदस्थापित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि वेतन स्तर–06 एवं इसके ऊपर के ग्रुप–'ख' श्रेणी के पदाधिकारियों का SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के माध्यम से e-PAR आलेखन का कार्य किया जाता है। e-PAR आलेखन हेतु NIC द्वारा बनायी गयी E-Mail ID का उपयोग Login ID के रूप में किया जाता है। उक्त कार्य हेतु निदेशालय द्वारा उपर्युक्त पदाधिकारियों के E-Mail ID बनाये जाने के लिए विहित प्रपत्र में सूचना अपेक्षित है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उपर्युक्त पदाधिकारियों (वैसे पदाधिकारी, जिनका पूर्व से E-Mail ID निर्गत है, को छोड़कर) से विहित प्रपत्र में सूचना प्राप्त कर निदेशालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि विभागीय E-Mail ID बनाये जाने हेतु अग्रत्तर कार्रवाई की जा सके।

अनुलग्कः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह०/–

(एस०एम० परवेज़ आलम)
निदेशक।

ज्ञाप संख्या :–उ०नि०–128 / 2023......100......./ पटना, दिनांक–19.01.2026

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(एस०एम० परवेज़ आलम)
निदेशक।